अधूरा रह गया जीरो पावर कट का सपना, चार साल में भी नेशनल ग्रिड से नहीं जुड़ा कांड्रा ग्रिड

फाइलों में विकास योजनाएं 08

एक साल में चंदनकियारी नेशनल ग्रिड से जोड़ना था

योजना पूरी होती तो चंदनकियारी से धनबाद को मिलती 100 एमवीए बिजली

वर्तमान में योजना की स्थिति

वर्तमान में चंदनकियारी से पुटकी तक ट्रांसमिशन लाइन बिछाने की योजना का कार्य पूरा कर लिया गया है . पुटकी से कांड्रा तक ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का कार्य अधूरा है . पहले वन विभाग की एनओसी, बाद में ट्रांसमिशन लाइन बिछाने को लेकर बरवाअड्डा में ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्य रुका हुआ है . लगभग दो साल से कार्य की गति धीमी पड़ गई है . इस साल भी योजना का कार्य पूरा होने की संभावना कम है .

चंदनकियारी ग्रिड से जुड़ने के दो फायदे

- ☐ **धनबाद में जीरो कट बिजली की संभावना** :- कांड्रा के बाद चंदनकियारी ग्रिड से जुड़ने के बाद धनबाद में 200 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने लगेगी . वहीं, जेबीवीएनएल को डीवीसी से भी बिजली मिलेगी . ऐसे में धनबाद में जीरो कट बिजली का सपना साकार हो सकता है .
- ☐ **राजस्व का होगा फायदा** :- फिलहाल जेबीवीएनएल के पास बिजली खरीदने का एकमात्र स्रोत डीवीसी है . 5 .25 रुपये की दर से डीवीसी से बिजली खरीदी जा रही है . पीटीपीएस से बिजली लेने पर दर करीब 3 .75 रुपये हो जायगी .

वरीय संवाददाता, धनबाद

धनबाद के उपभोक्ताओं को बिजली संकट से राहत देने के लिए बनायी गयी योजना चार साल से अधूरी है. योजना के तहत चंदनकियारी नेशनल ग्रीड से धनबाद के कांड्रा ग्रिड को जोड़ना था. चंदनकियारी ग्रिड से धनबाद को 100 एमवीए बिजली मिलती. इसके लिए चंदनकियारी से डिगवाडीह, झरिया होते हुए जेबीवीएनएल के पुटकी पावर स्टेशन तक ट्रांसमिशन लाइन तैयार किया जाना है. वर्ष 2018 में नागार्जुन कंपनी को चंदनकियारी से पुटकी पावर स्टेशन तक ट्रांसमिशन लाइन खींचने की जिम्मेवारी सौंपी गयी. एक साल में काम पूरा करना था. काम शुरू भी हुआ. बाद में योजना विभिन्न सरकारी कार्यालयों की फाइलों में फंस गयी और काम की गति धीमी पड़ गयी. योजना पूरी होती तो धनबाद में जीरो पावर कट का सपना साकार होने की पूरी संभावना थी.

60 करोड़ रुपये है लागत : नागार्जुन कंपनी लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसमिशन लाइन खींच रही है. चंदनकियारी से पुटकी के बीच ट्रांसमिशन लाइन के लिए 200 रेल पोल और 600 से ज्यादा कंडक्टर का इस्तेमाल होना है. इसके अलावा पहली बार बिजली के सभी खंभों में लाइटिंग अरेस्टर लगाने की भी योजना है. ऐसे में खराब मौसम में भी ट्रांसमिशन लाइन से बिजली आपूर्ति सुचारू रहेगी.

पीटीपीएस से चंदनकियारी को मिलेगी बिजली : चंदनकियारी में बने ग्रिड को पतरातू थर्मल पावर प्लांट से बिजली मिलेगी. चंदनकियारी ग्रिड की क्षमता 200 मेगावाट है. इसमें करीब 100 मेगावाट बिजली धनबाद को मिलेगी. वहीं, शेष बची बिजली जरूरत के अनुसार राज्य के अन्य सात परिया बोर्ड में सप्लाई की जायेगी.

प्रभात खबर का लॉफ्टर शो दो मार्च को, सुनील पाल व राजा रैंचो सजायेंगे महफिल

होली के पहले धनबाद के लोगों का होगा भरपूर मनोरंजन

धनबाद. धनबाद कोयलांचल की होली को यादगार बनाने के लिए प्रभात खबर ने लॉफ्टर शो का आयोजन किया है. दो मार्च को धनबाद में पहली बार सुनील पाल और राजा रैंचो सबको हंसाएंगे और गुदगुदाएंगे. जनसरोकार के लिए प्रतिबद्ध प्रभात खबर न केवल देश दुनिया की खबरों से आपको अवगत कराता है, बल्कि, आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ साथ आपके स्वस्थ मनोरंजन का भी ख्याल रखता है. इसी कड़ी में 25 फरवरी को डॉक्टर्स सम्मान का आयोजन हुआ और अब 2 मार्च को लाफ्टर शो का आयोजन होगा. यह कार्यक्रम सामुदायिक भवन कोयला नगर में होगा. धनबाद की धरती पर पहली बार आ रहे

धनबाद को हंसाने आ रहे हैं सुनील व राजा रैंचो

सुनील पाल तथा राजा रैंचो देश के जाने-माने हास्य कलाकार हैं . कई रियल्टी शो कर चुके हैं . कॉमेडियन राजा एवं रैंचो लाफ्टर शो में लोगों का मनोरंजन करेंगे . कॉमेडी किंग सुनील पाल भी दो मार्च के लॉफ्टर शो में यहां के लोगों का मनोरंजन करेंगे . सुनील पाल का धनबाद में पहली बार कार्यक्रम हो रहा है . सुनील पाल कहते हैं कि प्रभात खबर के पाठकों के लिए जो लॉफ्टर शो का आयोजन हो रहा है . उसे यादगार बनायेंगे . धनबाद के लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे .

सुनील पाल और राजा रैंचो भी उत्साहित हैं. होली के पहले धनबाद के लोगों के मनोरंजन के लिए प्रभात खबर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है.

दि साहेबगंज क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि०
The Sahebganj Credit Co-operative Society Ltd.
REGISTERED UNDER :- GOVERNMENT OF JHARKHAND
प्रधान कार्यालय : [illegible] साहेबगंज, झारखंड, 816109
टेलीफोन न0 :- 05436796383

नियुक्ति हेतु अधिसूचना

विभिन्न पदों की भर्ती

भारतीय नागरिकों से निम्नांकित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है :-

क्र.सं.	पद	रिक्ति
	विज्ञापन संख्या :- [illegible]-2023	
i)	लेखापाल	2
ii)	प्रशासनिक, विकास, ऋण, वित्त प्रबंधक	10
iii)	सहायक प्रबंधक	5
iv)	लिपिक सहायक	25
v)	कम्प्यूटर ऑपरेटर	3
vi)	एम.टी.एस. (MTS)	10

- ◆ उपर्युक्त पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। [illegible]
- ◆ आवेदन शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है।
- ◆ [illegible]
- ◆ आवेदन जमा करने और शुल्क भुगतान करने की तिथि 24.02.2023 से 10.04.2023 तक है।
- ◆ [illegible] Contact us "Post Your Query" [illegible]

अध्यक्ष
एस.सी.सी.एस.

फोटो : प्रभात खबर

'ऑल ब्रीड डॉग शो' में दिखे कुत्तों के कई अंदाज

केनेल क्लब ऑफ धनबाद की ओर से रविवार को डीजीएमएस ग्राउंड में 'ऑल ब्रीड डॉग शो' का आयोजन किया गया . इसमें विभिन्न ब्रीड के कुत्ते के कई अंदाज दिखे . उद्घाटन मुख्य अतिथि पशुपालन पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने किया . कोलकाता से तपोव्रत भट्टाचार्य निर्णायक थे . उन्होंने अच्छा परफॉर्मेंस और अंदाज दिखाने वाले डॉग्स के लिए पुरस्कार की घोषणा कर रखी है . आयोजक सदस्य जीत दत्ता ने बताया . प्रतियोगिता में कई ब्रीड के डॉग्स शामिल हुए हैं .

कैंसर मरीज की आहार नली में लगा मेटालिक स्टैंड

धनबाद. असर्फी हॉस्पिटल में पहली बार कैंसर ग्रसित मरीज की आहार नली में मेटालिक स्टैंड सफलता पूर्वक लगाया गया. धैया निवासी प्रभा देवी (71) कैंसर से ग्रसित हैं. उनकी आहार नली में कैंसर के लक्षण पाया गया था. परिजन ने उन्हें हॉस्पीटल के विशेषज्ञ डॉ अनिकेत कुमार से परामर्श के लिए लाये. फिर वहां के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परिजनों की सहमति से सफलता पूर्वक स्टैंड लगाया. अब वह खुद से खाना खा रही हैं व स्वस्थ्य हैं.

सिटी बाइट्स

कॉर्निवल ऑफ हार्ट्स का समापन

धनबाद. कॉर्निवल ऑफ हार्ट्स का रंगारंग समापन रविवार को ओजोन गैलेरिया मॉल सरायढेला में हुआ. इस दौरान लकी ड्रॉ निकाला गया. पांच से 25 फरवरी तक चले इस कार्यक्रम के दौरान 2499 रुपये से अधिक की खरीददारी करने वालों को लकी कूपन दिया गया था. इसमें धनबाद के शैलेंद्र कुमार, हेमंत गुप्ता, आशीष कुमार, विशाल श्रीवास्तव, मतलूब आलम (जामताड़ा) विजयी रहे.

कोल इंडिया के 580 अधिकारी डिप्टी मैनेजर में प्रोन्नत

धनबाद . बीसीसीएल समेत कोल इंडिया एवं उसकी विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत विभिन्न संवर्ग के 580 अधिकारियों को डिप्टी मैनेजर में पदोन्नति दी गयी है. पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में बीसीसीएल के सिविल विभाग से 10, कोल प्रिपेरेशन के एक, ईएंडएम के 12, एक्सावेशन के 5, फाइनेंस के 2 ज्यूलाजी के 3, एमएंडएस के 1, जीडीएमओ के 7, मेडिकल स्पेशलिस्ट के तीन, एवं माइनिंग डिसिपलाइन के 31 अधिकारी शामिल हैं. प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों का पदोन्नति पद पर ज्वाइन करने की तिथि से प्रभावी माना जायेगा.

आज कई इलाकों में चार घंटे नहीं रहेगी बिजली

धनबाद. सोमवार को शहर के कई इलाकों में चार घंटे बिजली गुल रहेगी. जेबीवीएनएल ने मेंटिनेंस कार्य को लेकर अलग-अलग फीडर से बिजली सप्लाई बंद रखने की घोषणा की है. हाउसिंग व पॉलिटेक्निक, हीरापुर के गोल्फ ग्राउंड व धैया के मेमको फीडर से दिन के 10 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक बजली सप्लाई बाधित रखने की घोषणा की है. वहीं गोल्फ ग्राउंड फीडर के हाउसिंग कॉलोनी, मनोरम नगर, एलसी रोड में बिजली बाधित होगी.

बरवाटांड गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

धनबाद. रोटरी क्लब धनबाद साउथ के तत्वावधान में रविवार को टुंडी स्थित बरवाटांड गांव उर्मिला मेडिको में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया. इसमें 82 महिलाओं व बच्चों की जांच की गयी. विभिन्न तरह के पैथोलॉजिकल टेस्ट किये गये. इसके बाद लाल मनी वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की सेवा में पूरी टीम शामिल रही. यहां बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया. मौके संजय सरावगी, विनोद गुप्ता, डॉ सतीश चंद्रा, साधना वर्मा आदि मौजूद थे.

TORQUE
Since 1985
FROM THE MAKERS OF TOREX
स्वस्थ त्वचा का राज
साफ करे
बंद पोर्स
धूल और मिट्टी
रोजाना प्रदूषण
ऑयली स्किन
NO SCARS
Cleansing Face Wash
NO SCARS WITH SALICYLIC ACID
Cleansing Face Wash
NO SCARS BEAUTY REDEFINED
LONG LASTING PREMIUM QUALITY SOAP
NOURISHMENT OF NEEM & ALOE VERA
NO SCARS®
Also available online at: amazon | Flipkart
Follow us on: /torqueskincare /torqueskincare /torqueskincare
For more information, please call or WhatsApp us: +91 977 921 4455 / care@torquepharma.com

नहीं रहे 1971 के युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेने वाले पुलेन्द्र शर्मा

श्रद्धांजलि

वरीय संवाददाता, धनबाद

1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में अपनी वीरता का लोहा मनवाने वाले पूर्व सैनिक पुलेन्द्र शर्मा का निधन रविवार तड़के हो गया. उन्होंने अपनी अंतिम सांस विशुनपुर स्थित अपने घर में ली. श्री शर्मा प्रेसिडेंड गार्ड्स रेजिमेंट में थे. इस युद्ध में अपने बटालियन के साथ वह कारगिल सेक्टर में तैनात थे. वहां पर जब पाकिस्तान ने हमला किया, तब वह तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड और घुटनों तक बर्फ में खड़े रहकर दुश्मनों से लोहा लेते रहे. लेकिन अपना बंकर नहीं छोड़ा. इस युद्ध में लगातार बर्फ में खड़े रहने के कारण उनके पैर खराब हो गये थे. युद्ध के बाद उन्हें मेडिकल आधार पर सेना से सेवानिवृत्ति देते हुए डाक विभाग में नौकरी दे गयी थी. यहां 38 वर्षों तक सेवा देने के बाद जुलाई 2010 में सेवानिवृत हुए. श्री शर्मा लंबे समय से बीमार चल रहे थे. उन्होंने अपने पीछे अपनी पत्नी, दो पुत्रों (रंजीत शर्मा और पवन शर्मा) के साथ दो पुत्रियों का भरा -पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं. उनका अंतिम संस्कार बनारस में गंगाघाट पर रविवार किया गया. उन्हें ज्येष्ट पुत्र रंजीत शर्मा ने मुखाग्नि दी. पुलेन्द्र शर्मा के निधन पर स्वामी सहजानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा भी श्रद्धांजलि दी गयी. स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंति पर आयोजित कार्यक्रम के कार्यक्रम के दौरान दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी.

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वासेपुर में कल लगेगा कैंप

धनबाद. आयुष्मान योजना अंतर्गत कार्ड बनवाने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से 28 फरवरी को वासेपुर स्थित नूरी मस्जिद प्रांगण में कैंप लगाया जायेगा. लोग अपनी योग्यता अनुसार आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे. सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि कैंप में कार्ड बनाने के लिए लोगों को अपना हरा, पीला, गुलाबी राशन कार्ड लेकर आना है.

धनबाद के व्यवसायी चाहते हैं झारखंड का बजट बदले शहर की सूरत

जाम से मुक्ति के लिए बने रिंग रोड और फ्लाइओवर

विशेष संवाददाता, धनबाद

धनबाद शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यहां रिंग रोड तथा फ्लाइओवर बनाया जाये. राज्य सरकार के बजट में इसके लिए स्पष्ट प्रावधान हो. यह कहना है धनबाद के व्यवसायियों का. तीन मार्च को हेमंत सरकार की तरफ से पेश किये जाने वाले बजट से यहां के लोगों को काफी उम्मीदें हैं. व्यवसायी चाहते हैं कि यहां पर पानी, बिजली संकट का स्थायी समाधान हो. ट्रैफिक जाम से निजात के लिए भी स्थायी पहल होनी चाहिए.

राज्य सरकार झारखंड के समग्र विकास के लिए सभी जिलों के लिए एक रोडमैप तैयार करे. औद्योगिक नीति के अनुपालन के लिए फंड का एलोकेशन करना, राज्य में उत्पादित कृषि उत्पादों के लिए कोल्ड चेन से वैल्यू एडिशन तक एक व्यवस्था तैयार करना शामिल हो. धनबाद के विकास के लिए रिंग रोड, बैंक मोड़ तथा मटकुरिया फ्लाइओवर, बड़े एयरपोर्ट की स्थापना, औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना को प्राथमिकता मिले. राज्य द्वारा लिए जा रहे करों जैसे नगर निगम, प्रोफेशनल टैक्स, कृषि उत्पादों पर कर को युक्तिसंगत किए जाने की जरूरत है . राज्य के युवाओं को यहीं रोजगार मिले .

राजीव शर्मा, महासचिव, झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (जीटा)

एसएनएमएमसीएच धनबाद को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधा से लैसकरने के साथ उपकरणों से अपग्रेड करना चाहिए . धनबाद को एक ट्रॉमा सेंटर की भी जरूरत है . सरकार झारखंड प्रोफेशनल टैक्स, 2% कृषि बाजार शुल्क को सरकार वापस लेने की घोषणा करें एवं ट्रेड लाइसेंस के औचित्य समाप्त किया जाना चाहिए . 24 घंटे बिजली गारंटी की घोषणा हो . धनबाद में फ्लाईओवर की घोषणा कर अमलीजामा पहनाया जाये . वहीं पुरानी धनबाद की एयरपोर्ट की मांग पूरी होनी चाहिए . तब जाकर धनबाद का पूरी तरह से विकास संभव है . इसपर सरकार को ध्यान देना चाहिए .

सोहराब खान, पूर्व अध्यक्ष, पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स

ट्रेड लाइसेंस में होल्डिंग टैक्स की अनिवार्यता समाप्त करनी चाहिए . इससे छोटे व्यवसायियों को राहत मिलेगी . होल्डिंग नहीं रहने के चलते बहुत सारे व्यापारी ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवा पा रहे हैं . धनबाद शहर में फ्लाइओवर बनाने के लिए घोषणा हो . इसके लिए बजट में राशि आवंटित होना चाहिए . मेंटेनेंस के नाम पर दिन-दिन भर बिजली के लोड शेडिंग पर रोक के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए . यहां बिजली संकट का स्थायी समाधान होना चाहिए . कृषि टैक्स में भी माफी की जरूरत है .

संजीव चौरसिया, अध्यक्ष, पार्क मार्केट चेंबर ऑफ कॉमर्स, हीरापुर



राज्य सरकार को बजट में व्यापारी हित प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त करना चाहिए . ट्रेड लाइसेंस में हो रही परेशानी को सिंगल विंडो सिस्टम में सरलीकरण करते तब से स्वतंत्र करना चाहिए . होल्डिंग टैक्स के अव्यावहारिक और अव्यावहारिक दरों को कम किया जाना चाहिए .

प्रमोद गोयल, अध्यक्ष, बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स